जलभराव की समस्या का होगा अंत : वासुदेव देवनानी

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर क्षेत्र में बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या का निराकरण करने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। क्षेत्र में 40 करोड़ रुपये की लागत से नालों का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नाला निर्माण, कच्चे नाले पक्के होने और पानी की निकासी का रूट निश्चित होने से विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा एवं अन्य जल का भराव नहीं होगा। नाला निर्माण पूरा होने से क्षेत्र के कई हिस्सों को समस्या से मुक्ति मिलेगी। इस कार्य से हजारों लोगों को इससे राहत मिलेगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को वार्ड 5,6 में 2.14 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि हर साल बारिश में अजमेर उत्तर क्षेत्र में जलभराव की समस्या आती है। इस समस्या के स्थायी निराकरण के लिए काम किया जा रहा है।

राज्य सरकार की बजट घोषणा, नगर निगम एवं अजमेर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के तहत अजमेर उत्तर क्षेत्र में 40 करोड़ रुपये की लागात से नालों का निर्माण किया जा रहा है। यह नाले अजमेर उत्तर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बनाए जा रहे है। इनके निर्माण से क्षेत्र को जलभराव से मुक्ति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र सशक्त, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक शहर बनेगा। सरकार ने अजमेर को प्राथमिकता के साथ बज? उपलब्ध करवाया है। अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। इसके लिए सरकार ने गत दोनों बजटों में पर्याप्त महत्त्व दिया है। क्षेत्र में विकास की गंगा अनवरत बहती रहेगी। विकास कार्य एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। सरकार की मन्शा स्थाई ढ़ांचागत निर्माण करने की है। शहर के ड्रेनेज सिस्टम तथा सड़क निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की राशि उपलब्ध करवाना इन मन्शा को मूर्तरूप देने का द्योतक है। प्रत्येक विकास कार्य के लिए पर्याप्त बज? उपलब्ध करवाया गया है।

उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़ी हुई सुविधाओं पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए जेएलएन चिकित्सालय मे विधानसभा अध्यक्ष हेल्प डेस्क स्थापित की गई। इसके माध्यम से मरीजों तथा परिजनों की सहायता की जाती है।

सप्ताह के सातों दिन चौबीस घण्टे हेल्प डेस्क से लगातार आमजन लाभान्वित हो रहे है। अल्प समय में ही 3 हजार से अधिक व्यक्तियों की सहायता की गई है। उन्होंने कहा कि जेएलएन चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज में नवीनतम तकनीक युक्त आधुनिक सुविधाओं से उपचार सुनिश्चित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। इसके भवन के लिए 50 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है।

इससे भवन का जीर्णोद्धार एवं उन्नयन होगा। इसी प्रकार विकास के विविध आयामों के माध्यम से आमजन का जीवन आसान बनाने की दिशा में आगे भी कार्य जारी रहेंगे। इस अवसर पर पार्षद अजय वर्मा, सुल्तान सिंह, सुरेंद्र शर्मा, पंकज सिंह, अवतार किशन, वर्षा कंवर, सुरेश नवाल, दीपक शर्मा, महेंद्र सिंह बोराज, सीता राम शर्मा सहित कई जने उपस्थित रहे।

निरीक्षण किया

अजमेर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के सचिव महेन्द्र कुमार ढ़ाबी द्वारा अवेयरनेस मॉड्यूल फोर सीनियर सिटीजन के तहत अपना घर वृद्धाश्रम पुष्कर एवं जय अम्बे सेवा समिति का निरीक्षण किया गया। संस्था में स्टाफ की स्थिति, वृद्धजन को दी जाने वाली सहायता, चिकित्सकीय सुविधा, फर्स्ड एड बॉक्स की व्यवस्था, कुशल परामर्शदाता, स्नानागार, पर्याप्त ओढ़ने-बिछाने की व्यवस्था, वृद्धजन के दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता भोजन की व्यवस्था आदि के संबंध में पूछताछ कर जांच की गई। वर्तमान में अपना घर वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान कुल 39 वृद्धजन एवं जय अम्बे सेवा समिति में 24 वृद्धजन आवासरत है। सचिव द्वारा खुली जेल किशनगढ़ का औचक निरीक्षण किया। वर्तमान में खुली जेल में 21 बंदी मौजूद हैं।

भैरव धाम राजगढ़ में सेन जयंती मनाई

नसीराबाद, (निसं)। राजगढ़ में सेन समाज द्वारा सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती सोमवार को बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जोया परिवार राजगढ़ के तत्वावधान में भैरव धाम परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झुंझार जी महाराज मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात समाजबंधुओं ने भव्य शोभायात्रा निकाली, जो रेगरान मोहल्ला, सदर बाजार से होते हुए तेजाजी महाराज के मंदिर पहुंची। रेगरान मोहल्ला स्थित शिव मंदिर पर ध्वजारोहण कर श्रद्धालुओं ने आस्था व्यक्त की। तेजाजी महाराज मंदिर में सेन समाज के चंपालाल महाराज और विजय सिंह गौड़ के नेतृत्व में ध्वज चढ़ाया गया। शोभायात्रा के दौरान सेन समाज के सदस्य भक्ति गीतों पर नाचते-गाते पूरे उत्साह से भरे नजर आए। यात्रा का समापन भैरव धाम स्थित सेन जी महाराज के मंदिर पर हुआ, जहां संत शिरोमणि सेन महाराज को झंडा अर्पित किया गया। इसके उपरांत बाबा भैरव मंदिर में भी ध्वजारोहण किया गया। आयोजन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें आए हुए सभी समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। कार्यक्रम में कैलाश सेन, ओमप्रकाश सेन, रमेश सेन, महावीर प्रसाद, विष्णुलाल, अशोक कुमार, श्यामलाल, ताराचंद, रतनलाल, राकेश, राजेश, कालूराम, धर्मेंद्र, जितेंद्र, सुरेंद्र, गोविंदराम, अविनाश, मनोज, सुनील, मुकेश, राहुल, कपिल, यश, मिलन, भव्य, वेदांश, विशाल, राजकुमार, मनीष, शुभम, दीपक, सत्यनारायण समेत कई जने उपस्थित रहे।

सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर की बैठक हुई

अजमेर, (कासं)। श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर की मासिक बैठक संस्था के अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में श्री गौड़ ब्राह्मण सभा भवन रेलवे सरक्युलर रोड पर संपन्न हुई जिसमें संस्था सदस्यों ने भजनों, गीत, हास्य व्यंग्य व ज्ञानवर्धक संस्मरणों की प्रस्तुतियां दी तथा संस्था के भावी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। संस्था के अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना के साथ हुआ इसके पश्चात गत मासिक बैठक का कार्यवाही विवरण पढक़र सुनाया जिसका सभी ने अनुमोदन किया। संस्था के नए सदस्यों कमलेश सिंहल, दिलीप विजयवर्गीय, जगतमोहन चड्डा, राधारमण शर्मा व दीपक कुमार शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा सामाजिक सरोकार से संबंधित रचनात्मक कार्यों के साथ ही गौशाला, कबूतरशाला व अन्य स्थानों पर विभिन्न सेवाकार्य भी किये जाते हैं। बैठक में गत दिनों पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की घटना की निंदा करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन संस्था महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने किया।

पशुओं से संबंधित समस्या बताई

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरु ने पशु मेले में आ रही पशुओं के लेकर जाने में आ रही भारी परेशानी को लेकर जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर समस्याओं से अवगत करवाया। मेड़ता विधायक कलरू ने बताया कि बलदेव पशुमेला से वापस लौट रहे पशु व्यापारियों को पशु परिवहन में आ रही समस्याओं को लेकर यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर अवगत करवाया । सीएम ने उच्च स्तर के अधिकारियों को इस मामले के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए । वहीं विधायक कलरु ने रामस्नेही संप्रदाय पीठ रेण में ब्रह्मालीन आचार्य श्री हरिनारायण जी महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि पर आगामी 18 से 25 मई तक होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए दिया आमंत्रण दिया गया ।

जल स्वावलंबन अभियान का निरीक्षण

सरवाड़, (निसं)। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत ग्राम भाटोलाव में चल रहे विकास कार्यों का उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने निरीक्षण किया इस दौरान गोपाल लाल धाकड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत ग्राम पंचायत भाटोलाव में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया वही नाडी निर्माण आगामी मानसून को देखते हुए पानी को संठाहण करने हेतु नाडी का निर्माण किया जा रहा है चारागाह विकास में चरागाह को हरा भरा रखने के लिए पौधारोपण एवं उद्यानिकी के लिये विकास कार्य किये जा रहे है। आदि विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। सभी कार्य प्रगतिशील पाए गए। ग्राम विकास अधिकारी मीना चौधरी, कनिष्ठ तकनीकी सहायक सुनील कुमार व गृह रक्षा दल सदस्य बुद्धि प्रकाश मीणा सहित कई जने मौजूद रहे।

नए सदस्यों का सम्मान किया

अजमेर, (कासं)। सीनियर सिटिजन सोसायटी ग्रुप 4 शास्त्री नगर की मासिक बैठक सोमवार को शंकर लाल वैष्णव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में नए सदस्यों का सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. एसडी मिश्रा ने बताया कि सचिव सुभाष दत्त शर्मा ने पिछले माह की कार्यवाही रिपोर्ट सुनाई, जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया। बैठक नए सदस्य के रूप में प्रो. केके शर्मा, रवि प्रकाश शर्मा, एवं शशि कला शर्मा का स्वागत किया। मनोरंजन की कड़ी में नथमल मिश्रा, सम्मान सिंह, अरुणा भार्गव, श्याम बिहारी शर्मा, डॉ.एसएम टिक्यानी, एसएस वालिया आदि ने मनोरंजन कायक्रमों की प्रस्तुतियां दी। डॉ. मिश्रा ने बताया की कार्यक्रम अशोक जोशी, अनिल दग्दी एवं विजय यादव का सराहनीय योगदान रहा। पदाधिकारियों और सदस्यों ने पहलगाम की आतंकी घटना में मारे गए पर्यटकों को मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुर में अंजुमन कमेटी के चुनाव हुए

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। उपनगर पुर में खेल मौहल्ला स्थित अंजुमन स्कूल में इकबाल बिसायती की अध्यक्षता में अंजुमन कमेटी के चुनाव संपन्न हुए। इस अवसर पर पुर के सभी कोमो के सरपरस्त मौजूद रहे। अंजुमन कमेटी द्वारा अबतक किये विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम व कमेटी हित के फैसलों को देखते हुए उपस्थित कमेटी मेम्बरों की सर्व सहमति से तीसरी बार जिकरुद्दीन पटेल को सदर, रफीक पठान को सेक्रेटरी व जाबिर मंसूरी को खजांची पद के लिए चुना गया। और कमेटी का विस्तार करते हुए मोहम्मद रफीक सिंधी को नायब सदर मनोनीत किया गया। इस मौके पर नव नियुक्त सैक्रेटरी रफीक पठान ने आने वाले समय में कमेटी द्वारा किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यो का वीजन मोजूद मेम्बरान के सामने रखा।

छीपा सेवा संस्थान कार्यकारिणी गठित

बिजयनगर, (निसं)। श्री नामदेव छीपा सेवा संस्थान की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति गठन किया गया । श्री नामदेव छीपा समाज द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में कार्यकारिणी को शपथ दिलायी गई। समारोह में नए अध्यक्ष सत्यनारायण गोठरवाल, महिला मंडल अध्यक्ष निर्मला कंकरवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष कृपाराम तलाईच ने शपथ ग्रहण की। समाज के मीडिया प्रभारी राकेश तलाईच ने बताया कि कार्यक्रम में सूर्य प्रकाश बगैरवाल ने कार्यकारिणी के सदस्य पदाधिकारी को शपथ ग्रहण करवाया।

चौहान नवयुवक मंडल अध्यक्ष बने

ब्यावर, (निसं) आशापुरा माता धाम प्रांगण में राजस्थान रावत राजपूत महासभा ब्यावर प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह पंवार ने नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद पर सूरज प्रताप सिंह चौहान की नियुक्ति की। युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रान्त सिंह रावत, विजय सिंह मुंडोति, राम सिंह रूपाहेली, श्रवण सिंह रावत, सज्जन सिंह चौहान, सुदर्शन सिंह, सुनील सिंह कुशाल सिंह रावत, प्रमोद सिंह रावत, मुकेश सिंह चौहान, पुष्पेंद्र सिंह रावत, चेतन सिंह चौहान, संजय सिंह, सूरज चौहान, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

सूठेपा के कई जनों ने दर्द बताया

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। आज सूठेपा गांव के दर्जनों ग्रामीण धर्म परिवर्तन की धमकी देते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जबरन वसूली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

सूठेपा गांव के विनोद कुमार पुत्र माणक लाल चंपावत, सोहनलाल पुत्र कन्हैयालाल सारगोत, पूजा पत्नी रामलाल शर्मा, नेहा पत्नी भारत सांगावत और पंचमती पत्नी हितेश जोशी ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह और अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक पारस जैन को एसपी के नाम एक 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि इन सभी लोगों ने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अपने ही समाज में शादी की। परिवार में कोई अपंग तो कोई गरीब था, भीलवाड़ा या आस पास के समाज के लोगों ने विवाह करने से इनकार कर दिया, जिसके कारण झारखंड और बंगलौर आदि क्षेत्रों से समाज की ही महिलाओं से विवाह कर गुजर बसर कर रहे है। किसी की शादी को 14 साल तो किसी की शादी को 4 साल बीत चुके हैं। तथाकथित ठेकेदार खाप पंचायत के नाम पर अंतरजातीय विवाह का आरोप लगा सामाजिक बहिष्कार, जुर्माना वसूली और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

अजमेर के कांग्रेसजनों ने संविधान बचाओ रैली में शिरकत की

अजमेर, (कासं)।जयपुर के रामलीला मैदान में सोमवार को कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' में अजमेर से शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि रैली के बाद खड़गे ने प्रदेश कांग्रेस के वार रूम में जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक ली बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के साथ जिलों में कामकाज का फीडबैक लिया,अजमेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने अजमेर शहर की संगठनात्मक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

ज्ञातव्य है कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने साल 2025 को संगठन को समर्पित किया है, इसलिए विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पार्टी को मजबूत किया जा रहा है।

जयपुर में आयोजित संविधान बचाओ रैली में अंकुर त्यागी, कैलाश कोमल, संजय मौर्य, शिवराज भड़ाना, ईश्वर टहल्यानी, आलोक गुप्ता, नीरज यादव, दयानंद चतुर्वेदी, भोजराज गुर्जर सहित कई जनों ने भाग लिया।

अरांई संवाददाता के अनुसार : रैली में शामिल होने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण बटेसर के साथ अरांई सहित क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता बसों और निजी वाहनों से रवाना हुए। अ ब्लॉक उपाध्यक्ष रसीद मोहम्मद ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में संविधान पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है।

रैली में सत्यनारायण बटेसर, रसीद भाई भोगादीत, हनुमान गोरेली, किशन डाबला, जसराज डाबला बोराडा, मंडल अध्यक्ष शिवराज बागड़ी, शिवराज जाट, पंकज वैष्णव, रामनिवास किराडिया, कैलाशचंद सैन, कल्याण मेघवंशी, कालूराम ज्योतिषी, नारायण माली, गजेंद्र बागड़ी, रामजीलाल खटीक, प्रताप हरिजन, जयसिंह गहलोत, रतन लाल माली, गजानंद माली, नोरत राव, हेमराज, राजू, मदन खटीक सहित कई कांठोसी शामिल हुए।

हर्ष चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता

अजमेर, (कासं)। कारागार प्रशिक्षण संस्थान अजमेर में प्रशिक्षणरत डिप्टी जेलर हर्ष चौधरी ने बेल्जियम के ब्रसेल्स में 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित ब्रुसेल्स कैपिटल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में उन्होंने एलीट मेन्स 85.90 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

संस्थान के प्राचार्य पारस जांगिड ने बताया कि प्रशिक्षु डिप्टी जेलर हर्ष चौधरी ने प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाड़ी को 5.0 सेए सेमी फाइनल में सर्बिया के खिलाड़ी को 4.1 से और फाइनल मुकाबले में इटली के डीन नवोकेदी चाइम को 5.0 के एकतरफा स्कोर से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले उन्होंने 11 से 24 अप्रैल तक आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर में तैयारी की थी। उपलब्धि पर राजस्थान कारागार विभाग के महानिदेशक गोविंद गुप्ता और अतिरिक्त महानिदेशक रुपिंदर सिंघ ने हर्ष चौधरी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कारागार प्रशिक्षण संस्थान अजमेर के प्राचार्य पारस जांगिड ने प्रसन्नता व्यक्त कर कहा कि उनका यह प्रदर्शन न केवल विभाग, बल्कि राजस्थान और सम्पूर्ण भारत का भी गौरव बढ़ाने वाला है।

जुलूस निकाला

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। आतंकी हमले के खिलाफ मांडल कस्बे में सोमवार को सुखराम ट्रस्ट रामधाम रामचौकी बिराई जोधपुर की मांडल शाखा द्वारा मौन जुलूस निकाला गया।

जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में धर्म के आधार पर कई लोगों को मौत के घाट उतार दिया था । तब से ही पूरे देश में आतंकीयो के खिलाफ गुस्सा है हर शहर से लेकर गांव कस्बों तक लोग आतंकियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। मांडल कस्बे में निकले जुलूस में हाथों में आतंकवाद के खिलाफ तख्तियां लेकर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और मांडल उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा कठोर करवाई करने एवं उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। इस मौके पर सुखराम ट्रस्ट के सदस्य, ग्रामवासी और कई लोग उपस्थित रहे।

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/128321
DATE :- 23.04.2025 रजि. बेवान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/1008 दिनांक 25/04/2025

सार्वजनिक सूचना

श्री प्रभू सिंह पुत्र श्री केशर सिंह ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6 अरिहन्त नगर भोजपुरा मार्ग नया नगर खसरा नं. 2108, प्लाट नं. 5 क्षेत्रफल 159.16 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री नोरतमल सिंघवी पुत्र श्री कनकमल जी जैन के नाम दर्ज है। रजि बेवान-नामा दिनांक 6.1.2023, 31.10.2023 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।

अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/126523
DATE :- 3.04.2025 रजि. बेवान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /620 दिनांक 21/04/2025

सार्वजनिक सूचना

श्री सुमित प्रकाश जैन पुत्र श्री मदनलाल जैन निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 7 डिग्गी मौहल्ला गली नं. 3 म्यु नं. 6/263 मकान नं. 2 प्रा नं. 1 क्षेत्रफल 228.55 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकार्ड में श्री मदनलाल पुत्र श्री सुखदेव के नाम दर्ज है। रजि वसीयत-नामा दिनांक 16.08.2012, मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।

अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/126523
DATE :- 3.04.2025 रजि. बेवान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /621 दिनांक 21/04/2025

सार्वजनिक सूचना

श्री सुमित प्रकाश जैन पुत्र श्री मदनलाल जैन निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 7 डिग्गी मौहल्ला गली नं. 3 म्यु नं. 6/263 मकान नं. 2 क्षेत्रफल 229.25 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकार्ड में श्री मदनलाल पुत्र श्री सुखदेव के नाम दर्ज है। रजि वसीयत-नामा दिनांक 16.08.2012, मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।

अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

नाम परिवर्तन

मेरी कृषि भूमि जो कि ग्राम बर्डोद तहसील बहरोड़ में खसरा नंबर 3646 एवं नया खाता नंबर 1189 एवं पुराना 1123 है में मेरा नाम मधु गौड पत्नी प्रकाश चन्द गौड दर्ज है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम मंजू गौड पत्नी प्रकाश चन्द गौड है। भविष्य में मुझे मंजू गौड पत्नी प्रकाश चन्द गौड, ए 740, पंचशील नगर, अजमेर के नाम से ही जाना जाए।

आम सूचना

हमारी फर्म गंगवाल स्टोनेक्स ई 72-73 IV^ फेस पर्यावरण मार्ग रिको, मदनगंज-किशनगढ़ 305801 जिला अजमेर, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 17/01/1/2001 दिनांक 22 जनवरी 2001 है। उक्त फर्म में दिनांक 21 मार्च 2025 को निम्न परिवर्तन किये गए है। इस फर्म में (1) प्रेमचंद गंगवाल (2) रमेशचंद गंगवाल (3) भंवरी देवी (4) सुरेखा जैन (5) अमित गंगवाल (6) धीरज गंगवाल पार्टनर थे। इनके साथ आज दिनांक 21 मार्च 2025 को फर्म में 8 नये पार्टनर जोड़े है। फर्म में टोटल 14 पार्टनर हो गये है। नये पार्टनर में (1) सुभाष चंद गंगवाल (2) राकेश गंगवाल (3) विकास गंगवाल (4) आशीष गंगवाल (5) एकता जैन (6) अमिता जैन (7) अनीता गंगवाल (8) रचना जैन है।इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो 7 दिवस में मय सबूत रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स कार्यालय अजमेर में सुचित करे, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरीभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) योजना के आवासगृह संख्या 111 (EWS) क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर आवंटी/अन्तरिति (1) श्री सोहन लाल सैन सुपुत्र श्री भींगीलाल सैन (2) श्रीमती प्रेम देवी धर्मपत्नी श्री सोहन लाल सैन निवासीगण जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय स्टाफ क्वार्टर नं0 44, अजमेर हाल निवासी हरीभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) अजमेर है। यह कि सोहन लाल सैन की मृत्यु दिनांक 28/05/2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सक्षम रिश्तेट संलग्न कर मृतक के वारिसो क्रमशः (1) श्रीमती प्रेम देवी (धर्मपत्नी) (2) श्री चन्द्र सैन (पुत्र) (3) विमला (पुत्री) (4) दीक्षा (पुत्री) है। यह कि श्रीमती दीक्षा वर्मा सुपुत्री स्व. श्री सोहन लाल सैन व धर्मपत्नी श्री अरुण कुमार वर्मा द्वारा अपने सहहिस्सेदार व अपनी माता श्रीमती प्रेम देवी धर्मपत्नी स्व. श्री सोहन लाल निवासी हरीभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) योजना, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 10/08/2022 को निष्पादित किया व श्रीमती प्रेम देवी धर्मपत्नी स्व. श्री सोहन लाल सैन बहिसियत मुकव्वार खास श्री चन्द्र सैन सुपुत्र स्व. श्री सोहन लाल सैन ने अपने सहहिस्सेदार व अपनी सुपुत्री श्रीमती विमला सुपुत्री स्व. श्री सोहन लाल सैन, निवासी 3901, चौकडी भौहल्ला, नसीराबाद जिला अजमेर के पक्ष ने निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 04/01/2023 को किया गया तथा श्रीमती प्रेम देवी धर्मपत्नी स्व.श्री सोहन लाल सैन ने सम्पूर्ण सम्पति को अपनी सुपुत्री श्रीमती विमला सुपुत्री स्व. श्री सोहन लाल सैन व धर्मपत्नी श्री अनिल कुमार हलवाल, निवासी 3901, चौकडी भौहल्ला नसीराबाद जिला अजमेर के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण में दर्ज करायें । उक्त नियत अवधि पश्चात कोई स्वीकार आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांकः न.नि.अ/भवन/25-26/ दिनांकः

आपत्ति सूचना

श्री राकेश माहेश्वरी पुत्र श्री नन्द किशोर माहेश्वरी निवासी म.न 141/32 आर्य नगर हाल निवासी के 72 किशनगंज अजमेर एवं श्री नन्दकिशोर माहेश्वरी पुत्र स्व हरनारायण माहेश्वरी निवासी म.न. 1141/32 आर्यनगर अजमेर द्वारा एक सम्पति एएमसी नं 204/01 879/01 अंकित है जो वाके अस्पताल मेदान के पास किशनगंज आनासागर रोड अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 248.90 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है।

पूर्व : बलबीर सिंह की सम्पति पश्चिम : नंन्दकिशोर की सम्पति

उत्तर : 19.6 फुट का रास्ता दक्षिण : संतोख सिंह का प्लाट

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में वोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त
नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 मांदी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.वि./भूमि/2024/2657 **आम सूचना** दिनांक : 28.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें।

अत इन मूल्यखंडों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि मे कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत वार देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	पत्रावली न	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा नं	भू.सं.	क्षेत्र
1.	21	रिंकु कंवर/लतिसिंह	चौसला विजयनगर	3948	63	83.33 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ़, अजमेर (राजस्थान)

क्रमांक/नपकि/कृषि भूमि नियमन/2025/138 **लोक सूचना** दिनांक : 25.04.2025

आवेदक श्री रामनिवास चौधरी पुत्र श्री बोपाराम श्रीमती संतोष देवी पत्नि श्री रामनिवास निवासी अजमेर रोड मदनगंज किशनगढ़ के द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनार्थ उपयोग परिवर्तन हेतु इसे भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन किया है, अर्थात

क्र.सं.	जिले का नाम व तहसील	राजस्व ग्राम का नाम व खसरा सं.	क्षेत्रफल रकबा / भूखण्ड संख्या	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1	जिला अजमेर तहसील किशनगढ़	सावतसर 985/250	2100 वर्गगज	औद्योगिक

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्र